# हरमू मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं का दिखा उत्साह





**आजाद सिपाही संवादाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 17 अगस्त से संथाल के भोगनाडीह से शुरू होकर नौ चरणों में शनिवार को हरमू मैदान में संपन्न हो गयी। रांची के हरमू मैदान में शनिवार को संकल्प यात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। संकल्प यात्रा जनसभा में रांची सहित छह विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम दोपहर से होना तय था, लेकिन सुबह से ही कार्यकर्ता इसमें शामिल होने घर से निकल गये। हरमू मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं के उमड़े जनसैलाब से कार्यकर्ताओं का उत्साह साफ दिख रहा था। पूरा हरमू मैदान बीच बीच में भारत माता की जय और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो रहा था। कार्यकर्ता झारखंडी वेशभूषा और वाद्य यंत्र के साथ अपने नेता के स्वागत के लिए डटे हुये थे। घंटों इंतजार के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मंच पर आने की घोषणा से कार्यकर्ता पुलकित हो गये और एक बार फिर गगनभेदी नारों से पूरा मैदान गुंजायमान हो उठा। सभी कार्यकर्ता अपने नेता की एक झलक पाने के लिए आतुर हो गये। संकल्प यात्रा जनसभा में अपने नेताओं के भाषण सुन कर कार्यकर्ता गदगद थे। और 2024 में फिर से राज्य में कमल खिलाने और भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया है: रमेश सिंह



**रांची।** संकल्प सभा में भारी संख्या में अपने कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ पहुंचे भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के ओजपूर्ण भाषण से कार्यकर्ताओं में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उमड़े उससे साफ कहा जा सकता है कि झारखंड में एक बार फिर भाजपा की सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा कि सभा में आये कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया है कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री और झारखंड में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कठिन मेहनत करेंगे। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए इस सरकार का जाना तय है। कार्यकर्ता यहां से मौजूदा हेमंत सरकार को बेदखल करने का संकल्प लेकर जा रहे हैं। आगामी 2024 के चुनाव में इस संकल्प यात्रा का परिणाम दिखेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम से प्रेरित हुआ है।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में सिर्फ कार्यकर्ता ही नहीं आम लोगों ने भी अपनी भूमिका निभायी : जैलेंद्र कुमार



**रांची।** ग्रामीण भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में प्रदेश के सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं आम लोगों ने भी अपनी भूमिका निभायी है। इस यात्रा से राज्य की जनता में आस जगी है। 4 साल से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है। 4 वर्षों से विकास ठप है। हेमंत सरकार कमाने में लगी हुई है। झारखंड में जो भी विकास का काम दिख रहा है, वह भाजपा सरकार की देन है। देश में बीजेपी की सरकार बनी, तो अलग झारखंड बना। राज्य बनने के बाद विकास का काम प्रारंभ हुआ। इस प्रदेश में गांव तक सड़क, बिजली, पुल पुलिया का निर्माण हुआ। कांग्रेस ने 50-55 वर्षों तक राज किया परंतु गांव की सुधि नहीं ली। ना ही राज्य अलग किया। पहले वाजपेयी जी और अब मोदी जी के नेतृत्व में काम हो रहा है। जनता ने तय कर लिया है कि अब राज्य में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विकास का काम होगा।

## झारखंड की जनता ने फिर से कमल खिलाने का संकल्प लिया है : डॉ प्रदीप वर्मा



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री, संकल्प यात्रा के प्रभारी और संकल्प यात्रा समापन समारोह का संचालन कर रहे डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि 17 अगस्त से प्रारंभ नौ चरणों में संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद शुरू किया गया। इसमें राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र से होते हुए लगभग 37 सौ किलोमीटर की यात्रा का शनिवार को समापन हुआ है। वहीं रविवार से मेरी माटी, मेरा देश के माध्यम से मिट्टी लेकर लोग दिल्ली पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम का समापन नहीं हो रहा है, बल्कि मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से यह दिल्ली कूच कर रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता संकल्प लेकर जा रहे हैं राज्य की मौजूदा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। जिस प्रकार से जनता ने आशीर्वाद दिया है और जो जनसैलाब यहां आया है, यह बताता है कि झारखंड की जनता ने फिर से यहां कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है।

## हेमंत सरकार ने आदिवासियों के नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति की है: सन्नी टोप्पो



**रांची।** भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के सभी विधानसभा में संकल्प यात्रा निकाल कर लोगों को जगाने का काम किया है। हम सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की चर्चा तो बहुत लोगों ने की, लेकिन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनाने का फैसला लिया। अटल बिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने झारखंड की स्थापना की। झारखंड में अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा याद किये जायेंगे। हेमंत सोरेन ने ट्राइबल की चर्चा की। इसी नाम पर वोट मांगे और जितना नुकसान हेमंत सरकार ने आदिवासियों का किया, उतना किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं, सिर्फ वोट की चिंता है।

## पंडरा से कार्यकर्ताओं संग संकल्प यात्रा में शामिल हुए ललित ओझा




**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय जायसवाल, कृपा शंकर सिंह, अनिल राम के नेतृत्व में पंडरा बाजार समिति से हजारों की सख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक, किसान, श्रमिक मजदूर, व्यापारी सहित सैकड़ों युवा साथी बाइक जुलूस के रूप में निकले। इसमें मुख्य रूप से रांची के विधायक सीपी सिंह और महानगर के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे। संकल्प यात्रा का यह जुलूस पिस्का मोड़, रातू रोड, न्यू मार्केट हरमू रोड होते हुए हरमू मैदान संकल्प यात्रा में पहुंचा। इसमें मुख्य रूप से राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, अविनाश राय, बाली राय, मनोज कुमार, सोनू कुमार, सागर कुमार, संजीव कुमार जायसवाल, सुनील सिंह चौहान, बाबू पाठक, अनीता वर्मा, सहित काफी संख्या में राजनीतिक सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश में हेमंत सरकार के रहते विकास नहीं हो सकता : जितेंद्र सिंह पटेल



**रांची।** भाजपा नेता जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को एक साथ सुनने का मौका मिला है। यहां से कार्यकर्ता संकल्प लेकर जा रहे हैं। प्रदेश में हेमंत सरकार के रहते विकास नहीं हो सकता। यह सिर्फ अपना विकास कर रही है। सरकारी दफ्तरों में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। खनिजों की लूट मची हुई है। हेमंत सरकार लुटेरों को संरक्षण दे रही है।

## राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ पहुंचे सभा स्थल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा, सुनील गुप्ता एवं अर्जुन राम के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओ ने गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

संकल्प यात्रा के समापन समारोह में हजारों कार्यकर्ता जयकारों के साथ सभा स्थल में शामिल हुए। श्री मिश्रा ने बताया कि आज राजधानी रांची के कांके, अपर बाजार, मधुकम, चुटिया, चुना भट्ठा, रातू रोड सहित विभिन्न जगहों से भाजपा कार्यकताओं का जनसैलाब पदयात्रा एवं मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में निकल कर हरमू मैदान पहुंचा। यात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, सतेंद्र वर्मा, राहुल गुप्ता, मंतोष सिंह, इंदु भूषण गुप्ता, विजय सिंह, शशांक राज, अटल पांडेय, सतीश सिंह, संजय महतो, सिद्धांत राम, चंदन प्रजापति, पूजा सिंह, रौनक चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे ।

# महिला उद्यमी बिजनेस मीट और प्रदर्शनी का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की महिला उद्यमिता उप समिति और टेफी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 7-8 नवंबर 2023 को बिजनेस मीट एंड एक्जीबिट का आयोजन स्वागतम बैंक्वेट हॉल, हरमू में किया जा रहा है। इस मेले में लघु कुटीर उद्योग और स्टार्टअप्स से जुड़े उद्यमी बिजनेस मीट और एग्जीबिशन के माध्यम से अपने व्यापार विस्तार के बारे में चर्चा करेंगे और अपने प्रोडक्ट डिस्प्ले करेंगे। बिजनेस मीट में एमएसएमई और बैंकिंग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निबंधन और कार्य की जानकारी देने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रेस वार्ता में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, महिला उद्यमिता उप समिति की चेयरपर्सन आस्था किरण, ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योर उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर, सदस्य प्रमोद श्रीवास्तव, पूनम आनंद, कुमारी प्राची, पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ कामिनी कुमार के अलावा कुटीर उद्योग से जुडी कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## कोजागरा पर्व धूमधाम से मनाया गया

रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में शनिवार को कोजागरा पर्व धूमधाम से दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक मनाया गया । आज के कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा विद्यापति की प्रतिमा पर धूप दीप अगरबत्ती और माल्यार्पण कर बाबा विद्यापति रचित आरती जय जय भैरवी असुर भयावानी पशु पति भामिनी माया आरती गाकर सभी भक्तजनों ने मिलकर बाबा विद्यापति की आरती की गयी। आज के कार्यक्रम में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के का. अध्यक्ष जयंत झा, महासचिव मृत्युंजय झा, डॉ पंकज राय, अमरेंद्र आजाद, अशोक मिश्रा, संतोष झा, अशोक पांडेय, रमेश भारती, रामेश्वर महतो, भानु कच्छप , पवन झा, एसके मिश्रा, अमित झा, रोहित कुमार सिंह, अनिल कुमार सिन्हा आदि ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभायी। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

## भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर अमृत कलश यात्रा विशेष ट्रेन शुरू की गयी




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में 1 सितंबर से 1 नवंबर 2023 तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान 'मेरी माटी मेरा देश' आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त के मद्देनजर शनिवार को पूर्वाह्न केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान द्वारा भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन 'अमृत कलश यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अमृत कलश यात्रा स्पेशल 'मेरी माटी मेर देश' कार्यक्रम के 1400 से अधिक प्रतिभागियों और स्टाफ सदस्यों के साथ भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुई, जो 30 और 31 अक्टूबर को अपने उत्सव दिवस के लिए निर्धारित है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सांसद प्रताप षड़ंगी, अपराजिता षड़ंगी, मुजीबुल्लाह खान विधायक ललितेंदु विद्याधर महापात्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इससे पहले पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव, खुर्दा रोड रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी सहित गणमान्य व्यक्ति, छात्र, स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# भुवनेश्वर में आयोजित रोजगार मेले में कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिये गये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 39 स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 51,000 नयी भर्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित किया। धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री। भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मामले और जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त रंगरूटों को भौतिक रूप से 172 नियुक्ति पत्र वितरित किये। भारत सरकार ने कटक में आयोजित कार्यक्रम में सांसद भर्तृहरि महताब की उपस्थिति में नवनियुक्त रंगरूटों को भौतिक रूप से 114 नियुक्ति पत्र वितरित किये और विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त रंगरूटों को क्रमशः 81 नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। देश के अलग-अलग हिस्सों से नियुक्ति पत्र पाने वाले इन नए कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए उचित अवसर प्रदान करेगा।

नवनियुक्त कर्मचारियों को इंडक्शन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों के सभी नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स है। कार्यक्रम में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा सहित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : बिगन भोगता



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** विश्रामपुर बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का आयोजन शनिवार को किया गया। जतरा खूंटा में गणेश पाहन एवं बलजीत गंझू द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा की गई और तीन मुर्गों की बलि दी गई। इसके बाद दोपहर में जतरा में नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का उद्घाटन रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता और पूर्व जीप सदस्य रतिया गंझू, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया संतोष कुमार महली ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। कई पीढ़ियों से जतरा का आयोजन किया जाता रहा है। वहीं, नागपुरी ऑर्केस्ट्रा में आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया, जिसपर ग्रामीण झूमने को मजबूर हुए। जतरा में खिलौने, परंपरिक मिठाई, साज सज्जा, श्रृंगार प्रसाधन, ईख की दुकानें लगी हुई थी। ग्रामीणो ने शाम तक जमकर दुकानों में खरीदारी की। इस मौके पर जालिम सिंह, रामलखन गंझू, बालदेव गंझू, जावेद अख्तर, विश्वनाथ गंझू, गणेश पाहन, सोमरा गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझू, दामोदर गंझू, बबलू अंसारी, अनिल पासवान, देवपाल मुंडा, धर्मराज गंझू, शिवनारायण लोहरा, रामा गंझु,चंद्रदीप गंझू, अरविंद सिंह, गुड्डू गंझू, तुलसी गंझू, किशुन गंझू, जयराम गंझू आदि थे।

## लोकेश मिश्र ने मुरहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

# काम में लापरवाही बरतनेवालों पर होगी त्वरित कार्रवाईः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने मुरहू प्रखंड का दौरा किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही निर्देश दिए कि आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखकर कार्य करें। डीसीने उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिन पर स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की भी कोताही बरतने वाले के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपलब्ध दवाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी आमजनों को मौसमी बीमारियों की जानकारी दें। केंद्र में साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) को एक हफ्ते के अंदर क्रियाशील करने का निर्देश दिया। साथ ही वहां कुपोषित बच्चों की उचित देखभाल को लेकर संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए।



छात्राओं का उत्साहवर्धन करते डीसी लोकेश मिश्र।

### डीसी ने किया छात्राओं का उत्साहवर्धन

इस दौरान डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं से मिलकर उन्हें पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कहा कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़े और सफल बनें। उन्होंने विद्यालय में मूलभूत आवश्यकताओं, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षाएं, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर कक्ष व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मिड डे मील के मध्याह्न भोजन में बच्चों को मिलेगा मड़ुवा के लड्डू और हलुवा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मध्याह्न भोजन योजना की प्रखंड स्टीयरिंग कमेटी की बैठक शनिवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता तोरपा बीडीओ कुमुद कुमार झा ने की। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की। बीडीओ ने कहा कि मध्याह्न भोजन सभी विद्यालयों में निर्बाध रूप से चलना चाहिए। वहीं, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुदामा मिश्र ने कहा कि अब विद्यालयों में मड़ुवा (रागी का हलवा और लड्डू प्रत्येक बुधवार को स्कूली बच्चों को दिए जाएंगे। इसके लिए प्रति बच्चा चार रुपये 15 पैसे प्रति बच्चा निर्धारित है। बैठक में रसोईया के मानदेय, सामाजिक अंकेक्षण, अतिरिक्त पोषाहार, कुकिंग कॉस्ट सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि प्रारंभ से ही उनका झुकाव शिक्षा की ओर रहा है। प्रखंड में शिक्षा पर मेरा विशेष ध्यान रहेगा। बैठक में सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, शिक्षक प्रतिनिधि अनिल भेंगरा, एसएमसी अध्यक्ष एग्नेस टोपनो, दुखिया धनवार, संयोजिका संजू देवी, मरियम भेंगरा आदि उपस्थित थे।

### 65 किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गैर सरकारी संस्था लीड्स की ओर से प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत कृषि पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षक राजकुमार ने 27-28 अक्टूबर को जैविक खेती पर 65 किसानों को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण किसानों की बेहतरी के लिए खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड की पंचायत कोड़ाकेल के बम्हणी गांव में आयोजित हुआ था। मौके पर किसानों को जैविक खेती और जैविक दवा के लाभ और बिना जैविक खेती से होनेवाली हानि के बारे मे बिस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि लीड़स संस्था इसमें पूरा सहयोग करेगी। प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती करने के तरीके और उनके रख-रखाव के साथ उनके बाजार मूल्य की भी जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही हाई वैल्यू क्रॉप की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस तरह का प्रशिक्षण गांवों में आयोजित किये जायेंगे और किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे लीड्स संस्था के कर्मी विनोद सिंह और विनोद कुमार राम, रांची टीम के प्रकाश कुमार ने योगदान दिया।

# मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का अनुश्रवण करने के लिए गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची को नामित किया गया है। इसके आलोक में शनिवार को गीता चौबे ने अड़की प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 119, 120, 121 और 122 का निरीक्षण किया। साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बतातें चलें कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन खूंटी जिले के सभी मतदान केंद्रों में किया गया था। विशेष कार्य पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और बीएलओ को निर्देश दिया कि विशेष अभियान के माध्यम से छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, सेक्स वकर्स, 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों दिव्यांगजनों, गृह विहीन लोगों, आश्रय गृहों में निवास करनेवाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। गीता चौबे की अध्यक्षता में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की गई। इस दौरान विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की बिंदूवार जानकारी प्राप्त की। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यों का उचित पर्यवेक्षण सुनिश्चित कराया जाय। साथ ही बीएलओ रजिस्टर की जांच भी अपने स्तर से की जाय। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूर्ण किया जा सकेगा। इस दौरान बताया गया कि स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को शनिवार से समावेशी सप्ताह मनाया जायेगा। इस दौरान सभी पात्र नागरिकों का निबंधन और मतदाता सूची का शुद्धीकरण किए जाने पर जोर रहेगा। ट्रांसजेंडर, आदिम जनजाति ग्रुप सेक्स वर्कर्स, 80 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन, आश्रयविहीन लोग और आश्रयगृहों में निवास करने वाले लोगों का वोटर कार्ड बनाने का प्रयास विशेष तौर पर होगा।




# महिला की धारदार हथियार से हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के लुंगटू पंचायत के लीपीहासा गांव में मादे देवी नामक 40 वर्षीय एक महिला की धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वह परासी टोला सायदा की रहने वाली थी। जानकारी के मुताबिक वह अपने धान के खेत में काम करने गयी थी। इसी बीच दो अपराधी आये और कुछ कहने व समझने से पहले ही हथियार से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना गुरुवार की देर शाम की बताई जा रही है। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची तमाड़ पुलिस ने शव बरामद कर शनिवार को पोस्टमार्टण के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही कि किन कारणों ने किसने महिला की हत्या की है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।

### जंगली हाथियों ने तीन एकड़ में लगी फसल को किया नष्ट

**बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रेलाडीह जंगल में लगभग 50 जंगली हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। शुक्रवार की रात रेलाडीह गांव में तीन एकड़ में लगे धान फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया. हाथियों के आतंक से लोग परेशान है। भुक्तभोगी किसान नंदकिशोर महतो ने बताया कि उसके डेढ़ एकड़, राजकिशोर महतो एक एकड़, रघुनंदन मुंडा, प्रहलाद महतो, तारकेश्वर महतो के खेत में लगी फसलों को जंगली हाथियों ने रौंद दिया। भुक्तभोगियों ने वन विभाग से धान फसल क्षतिग्रस्त के लिए मुआवजा देने की मांग की है।**

# धीरेंद्र शर्मा ने पंचायत चुनाव की मांग को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ निवासी समाजसेवी धीरेंद्र कुमार शर्मा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी और बचरा उत्तरी पंचायत में पंचायत चुनाव कराने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि झारखंड मे पंचायत चुनाव से पूर्व बचरा दक्षिणी और बचरा उतरी पंचायत को मिलाकर बचरा नगर पंचायत का आदेश जारी कर दिया गया था। स्थानीय लोगों के विरोध और झारखण्ड में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सरकार द्वारा पुनः बचरा नगर को बचरा दक्षिणी और बचरा उतरी पंचायत में विघटित करने का आदेश जारी कर दिया गया, लेकिन इसके बाद भी अभी तक यहां के दोनों पंचायत में पंचायत चुनाव नहीं कराया गया है। जिस कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने झारखंड सरकार द्वारा राज्य के कुछ बचे हुए पंचायत में पंचायत चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है, लेकिन इस सूचि में भी बचरा दक्षिणी और बचरा उत्तरी पंचायत को शामिल नहीं किया गया है। उन्होने मुख्य सचिव से पिपरवार के दो महत्वपूर्ण पचांयत बचरा दक्षिणी और बचरा उत्तरी मे पंचायत चुनाव कराने की मांग की है।

### साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में चला स्वच्छता अभियान




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई। शपथ लेने के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा करने के बाद रानी चुआं रोड के दोनों ओर पुराना बाजार टोली चौक एवं हाई स्कूल तक सफाई की। साथ ही विद्यार्थियों ने बुंडू नगरवासियों को भी स्वच्छता को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# बुंडू पहुंची पश्चिम बंगाल की साइकिलिंग टीम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बंगाल से एक साइकिलिंग टीम शनिवार को बुंडू पहुंची। साइकिलिंग का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और बच्चों को स्वास्थ के बारे में जागरूक करना था। मजदूर सेवा संगठन की ओर से तीनों को सम्मान व स्वागत किया गया। साथ ही शहीद क्रांतिवीर चौक में भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर रंजीत मोदक, मिठू नायक, कमलजीत मोदक, केदारनाथ तिवारी, कृतिबास भोगता राजेश कुमार, अतुल भगत रॉबिन महतो रोहित प्रमाणिक, कपिल देव, पंकज दास, प्रवीर नायक, तुलसी प्रमाणिक, ठाकुर जीत मोहन, सूरज भगत, गुड्डू भोगता, सुनील गोराई आदि शामिल थे।

### लाभुकों के बीच मुआवजे के तौर पर सवा गुना अधिक अनाज का वितरण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड अंतर्गत सिलादोन पंचायत के कारगे गांव के जन वितरण प्रणाली दुकानदार सिरका मुंडा द्वारा शनिवार को राज्य खाद्य आयोग झारखंड के निर्देश पर लाभुकों के बीच मुआवजे के तौर पर सवा गुना अधिक अनाज का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि राज्य खाद्य आयोग द्वारा गत चार अक्टूबर को खूंटी परिसदन में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्राम रेमता, लटरजंग और ईरूद गांव के लाभुकों ने राज्य खाद्य आयोग के समक्ष जन वितरण प्रणाली की दुकान से सितंबर माह का अनाज नहीं मिलने की शिकायत की थी। राज्य खाद्य आयोग द्वारा लाभुकों की इस शिकायत पर सुनवाई के उपरांत जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया था कि उन सभी लाभुकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधान के तहत जितनी अवधि का अनाज उपलब्ध नहीं कराया गया है, उतनी अवधि का सवा गुना अधिक अनाज मुआवजे के तौर पर 31 अक्टूबर तक उपलब्ध कराया जाए। राज्य खाद्य आयोग के निर्देश के आलोक में शनिवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा लाभुकों के बीच मुआवजा समेत अनाज का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा, मुखिया ललिता देवी, मनरेगा सहायता केंद्र के बलबीर, राजेंद्र सुगिया, उदयनाथ मुंडा, गोर्वधन मुंडा, मेटो पाहन, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## सीआइएसएफ पिपरवार ने एनके एरिया को पांच विकेट से हराया

# खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकासः संदीप कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डकरा शाखा की ओर से सीआईएसएफ के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। जिसका उद्घाटन सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस ने किया। इस मैच में सीआईएसएफ एनके एरिया बनाम पिपरवार के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनके एरिया की पूरी टीम 79 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार की टीम तीन गेंद शेष रहते पांच विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। पिपरवार की ओर से घातक गेंदबाजी कर पांच विकेट लेने वाले नितेश पुनिया को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं, सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस तरह के आयोजन से कोयला खदानों की सुरक्षा के लिए तैनात सीआईएसएफ के जवानों का मनोबल बढ़ता है। वहीं, इस तरह के बेहतर आयोजन के लिए उन्होंने एसबीआई डकरा शाखा के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर डिप्टी कमांड़ेड उपेंद्र सिंह, असिस्टेंट कमांडेड एसके मीणा, निरीक्षक विकाश कुमार, सुमन तिवारी, सरोज कुमार, स्वाति कुमारी, डीके चौधरी, एसबीआई डकरा शाखा की प्रबंधक सोनी कुमारी आदि मौजूद थे।



मैच के दौरान मौजूद दोनों टीम के खिलाड़ी और अतिथि।

# स्कूल में शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी : मोहम्मद साहिल

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में शनिवार को एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, मैराथन दौड़ एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अपने संबोधन में निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर इस तरह के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल में शिक्षा के साथ खेल भी काफी जरूरी है। शिक्षा के साथ खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे शून्य से शिखर तक पहुंचते हैं। उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छह बच्चों का चयन जमशेदपुर में होने वाले मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए किया गया। मौके पर रेहाना प्रवीण, प्राचार्य ताका जमीर, खेल शिक्षक अजय कुमार, लवकुश कुमार, मो आलम, गौरव कुमार, भागीरथ सिंह, पिंटू कुमार, उमेश कुमार, मो वारिश, मंजू कुमारी, रिफत प्रवीण, सुशमा कुमारी, जीनत परवीन, श्रुति कुमारी, अंजू कुमारी आदि मौजूद थे।




प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

### अंकित का राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता के लिए चयन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा बस्ती निवासी रूपलाल महतो के पुत्र अंकित कुमार का राष्ट्रीय वुशु खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जानकारी के अनुसार गोवा में होने वाले 37 वां राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में चयन किया गया है। अंकित वुशू खेल के ताईची क्वान इंवेट में शामिल होगे। शनिवार को अंकित झारखण्ड राज्य के 15 सदस्यीय टीम के साथ गोवा के लिए रवाना हुआ। अंकित के कोच और चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी अहमद ने बताया कि अंकित शुरू से ही चतरा जिला वुशू संघ के ओर से वुशु खेल में काफी मेहनत कर रहा है। डकरा केंद्रीय विद्यालय वुशू प्रशिक्षण केंद्र में उसने कड़ी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया है। चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेल का प्रदर्शन कर उन्होंने कई सफलता प्राप्त की है। इधर, अंकित के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में चयन होने पर चतरा जिला वुशु संघ के सचिव और झारखण्ड वुशू संघ के कोच रजी अहमद, झारखण्ड वुशू संघ के महासचिव शैलेंद्र दूबे और झारखण्ड ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दूबे आदि ने अंकित को बधाई दी है।

## उप विकास आयुक्त ने बेड़ो प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा

# जलछाजन ग्रामीण और कृषि विकास का आधार है : डीडीसी

**बारिश का पानी बचा कर ही गांव का भविष्य बचाया जा सकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** उप विकास आयुक्त रांची दिनेश यादव ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड के कई गांव का दौरा कर जल छाजन से संबंधित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। दिघिया और घाघरा पंचायत के कई गांव का भ्रमण कर उन्होंने जल छाजन द्वारा बनाये जा रहे तालाब निर्माण की योजना, फील्ड बंड और टीसीबी सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल छाजन द्वारा निर्माण किया जा रहा कई योजनाएं ग्रामीण विकास का आधार है। खास तौर पर कृषि विकास की नयी गाथाएं जल छाजन की योजनाओं से लिखी जा सकती हैं। जहां एक ओर तालाब की योजनाएं जलस्तर को बेहतर करने में काम आता है। वहीं टीसीबी की योजनाएं बारिश के पानी को संरक्षित करने में लाभकारी साबित होता है। बारिश का पानी बचा कर ही गांव की भविष्य बचाई जा सकती है। गांव की जलस्तर को बेहतर बनाकर कृषि के विकास के सपनों को साकार किया जा सकता है। इन योजनाओं को अच्छी गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारकर हम गांव की तस्वीर और तकदीर बदल सकते हैं। वहीं मौके पर निदेशक रामवृक्ष महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन तिर्की, श्रुति प्रिया, नमिता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



विकासशील योजनाओं का मुआयना करते डीडीसी, मौजूद पदाधिकारी और कर्मचारी।

## लबिंत मामलों का निष्पादन करने की मांग



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत को झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी के कार्यकर्ता ने बुके देकर स्वागत किया प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगड़ी क्षेत्र का जनता की समस्याओ पर त्वरित कार्रवाई करने तथा जल्द से जल्द लम्बित मामलों का निष्पादन करने की मांग की इसपर बीडीओ ने कहा प्रखंड के चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता है। मौके पर मुख्य रूप विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, सुरेश महतो, पुजा देवी, बांदे उरांव, रेयाजुल अंसारी, स्टेपन तिर्की, राखी देवी,सोमारी उरांव, सुकरमनी देवी यास्मीन खातून, नेहा दवी, सोनी देवी बस्ती देवी, गुडिया देवी के साथ अन्य लोग मौजूद थे

## एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों ने आपदा से निपटने की दी ट्रेनिंग



**इटकी (आजाद सिपाही)।** 9वी बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन। बाल एनडीआरएफ बिहटा पटना के रांची सेंटर के सदस्यों के द्वारा प्राथमिक व मध्य विद्यालय कुंडी के बच्चों को शनिवार को विद्यालय की प्रांगण में आपदा से निपटने की ट्रेनिंग दी गयी। एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों के द्वारा हार्ट अटैक से बच्चों जवानो और व्यस्तों को किस प्रकार से सी पी आर कार्डियो पलमोनरी रेस्पिरेशन देकर जीवित किया जा सकता है, का डेमो के साथ-साथ बच्चों को ट्रेनिंग दी गयी। इस ट्रेनिंग में हाथ पांव काटने सिर फूटने पर किस प्रकार प्राथमिक उपचार किया जाना चाहिए तथा डूबे हुए व्यक्ति के जान किस प्रकार बचाया जाय एवं भूकंप आने के समय में किस प्रकार से अपने एव परिजनों के जान को बचाया जाए के उपाय बताया गया एवं बच्चों को इसकी पूरी प्रक्रिया सिखाई गयी। एंबुलेंस की सेवा किस प्रकार से ली जाए की भी ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम के द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आपदा प्रबंधन से संबंधित पूरी किट जिसमें सभी प्रकार के मेडिकल उपकरण के साथ उपलब्ध कराया गया।

## सरकार आदिवासियों की मांगें पूरी नहीं करती है, तो जनजाति सुरक्षा मंच करेगा घेराव



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड के डूमरटोली गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के झारखंड प्रदेश सह संयोजक हिन्दुवा, अनिल, डूंमरटोली गांव से शंकर, महावीर उरांव, कृष्ण उरांव, बिरसा मुंडा, जीतराम उरांव, शुक्र मणि मुंडा, सुनीता, करमी, सुमति मिंज और भारी संख्या में ग्रामीण लोग शामिल थें। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि ईसाई मिशनरी लोग डीलिस्टिंग के नाम से घबराए हुए हैं। इसलिए कभी तो उटपटान कम कर रहे हैं। और डीलिस्टिंग के माध्यम से ही आदिवासी समाज सुरक्षित और उनका अधिकार मिल पायेगा। अगर सरकार जनजाति आदिवासियों की मांगे पूरी नहीं करती है तो जनजाति सुरक्षा मंच पूरे भारत में जानी शिकार के माध्यम से और घेराव के माध्यम से आदिवासियों के मांग को पूरा करें, नहीं तो जनजाति सुरक्षा मंच घेराव करने का काम करेगा। विधायक, सांसद, घेराव के साथ-साथ जरूरत पड़ी तो प्रधानमंत्री घेराव के लिए दिल्ली भी जायेंगे। पूरे भारत से 5 लाख की संख्या में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 में जो संशोधन हुई है इस प्रकार से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 में संशोधन कर जनजाति आदिवासियों का हित में भारत सरकार को ज्ञापन दिया जायेगा और धर्मांतरण हुए लोगों को जनजाति आदिवासी सूची से बाहर निकलने का मांग रखा जायेगा। और 2 के ईशा और मूसा दोनों मिलकरआदिवासी लोगों की जमीन ट्रांसफर करने का एक नया तारिका अपना लिया है, इस पर भी रोक होना चाहिए नहीं तो पूरे भारत में जनजाति सुरक्षा मंच आंदोलन करेगा।

## बेड़ो में मजदूर महिला की पत्थर से कूच कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बेड़ो बाजार टांड़ बोरा गोदाम के सामने गली में संध्या लगभग साढ़े छह बजे महिला मजदूर पुनम उरांव की पत्थर से कुचकर अज्ञात द्वारा हत्या कर दी गई। जिसकी खबर से बेड़ो में आग की तरह फैल गई। मृतका महिला मूल रूप से बेड़ो विनय बगीचा की ही निवासी है जो वर्तमान में बेड़ो बिजली ऑफिस के नीचे किराए के मकान में अपनी मां के साथ रह रही थी। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन और परिजनों को दिए। जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम व एएसआई जितेंद्र यादव सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ घटना का मुआयना किया और शव बरामद कर थाना ले गए। इधर थाना पहुंचे परिजनों में मृतक की मां सोमरी उरांव बहन अंगनी उरांव का रो रो कर बुरा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियो के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। क्योंकि उस घटना के बाद उसी गली से एक मोटर साइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों को निकाल कर जाते हुए देखा गया था। इधर घटना के बाद थाना पहुंची मृतका पूनम उरांव की मां सोमरी उरांव व बहन अंगनी उरांव ने पुलिस के समक्ष कहा कि उसकी बेटी पूनम उरांव कि उसके अपने भाई दिलीप उरांव के साथ बेड़ो बाईपास में जा रहे जमीन के मुआवजे व जमीन विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा था। जिसमें उसकी बेटी को डिग्री मिला था। इसी को लेकर मेरी बेटी बराबर धमकी देता था। इधर घटना के संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रोम ने बताया कि शव बरामद कर उसे रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। इधर इस घटना को लेकर पुलिस के सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

## संकल्प यात्रा के समापन समारोह में निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन समारोह पर शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्यअतिथि के रुप में शामिल हुये। समापन समारोह को सफल बनाने के लिये नामकुम से भाजपा किसान मोर्चा के मुन्ना बड़ाईक एवं मनोज कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा और टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष गाजे-बाजे के साथ रैली की शक्ल में हरमू मैदान रांची पहुंचे। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, भाजपा नेता रितेश उरांव, समीर राय, संजय सिंह, अमित कुमार मिश्रा, नूतन पाहन, प्रशांत किशोर, रामाधार सिंह, सुनील साहू, अनिल कुमार, रुपा सिंह, नवीन बड़ाईक, रमेश मुंडा, सरोज राय, प्रज्ञा भारती, गोपाल चौधरी, गोरखनाथ सिंह, सुरेंद्र महतो, सुबोध सिंह टनटन, अमित तिवारी, तुलसी गोप, अशोक गोप, मनीष राय, उमीर्ला देवी, बबीता देवी, शिल्पी शालिनी, वीरेंद्र ओझा, सुजीत सिन्हा, अनिरुद्ध पांडे के साथ सैकड़ों युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## लाभुकों के बीच उन्नत नस्ल के बकरों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची की ओर से शनिवार को गेतलसुद फार्म में लाभुकों के बीच उन्नत नस्ल के बकरों का वितरण किया गया। मालुम हो कि विगत 5 सालो से आरकेएम की आर्या परियोजना प्रखण्ड के 21 गांवों मे चलाई जा रही है। इसके तहत ब्लैक बंगाल बकरियों के नस्ल में सुधार के हेतु उसी नस्ल के चयनित किये गये बकरों का वितरण प्रजनन हेतु राहड़ा गांव से आए हुए 6 लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह, डॉ भरत महतो, संतोष कुमार, कुलदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## भगिनी निवेदिता के 156वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन

**प्राकृतिक खेती पर जागरूकता और स्थानीय खाद्य द्वारा पोषण सुरक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिकिदिरी।** आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के खक्सी टोली में भगिनी निवेदिता के 156वीं जन्म उत्सव कार्यक्रम रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र नवागढ़ के द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में, प्रमुख विषय था। प्राकृतिक खेती पर जागरूकता एवं स्थानिय खाद्य द्वारा पोषण सुरक्षा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत उपस्थित थी। निर्मला भगत ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षित होना समय की मांग है। ये स्थानिय खाद्य पदार्थ का प्रसंस्करण द्वारा वेहतर स्वास्थ्य व आय अर्जित कर सकती है । वहीं दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र मोराबादी रॉची के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महराज ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगिनी निवेदिता के आदर्श का पालन करते हुए जीवन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा की लैंगिक समान्ता से ही समाज का विकास सम्भव है। कार्यक्रम में पोषक अनाज अधारित पाक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें पॉच गॉवों से 33 महिलाओं नें भाग लिया। ये सभी महिलाओं ने मडुवा से बने 39 प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया जो स्वयं अपने हाथों से बनाये थे। प्रतियोगिता के पॉच विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पिछले 20 अक्टूबर को खेले गये बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट के विजेता एवं उपविजेता टीम को भी शील्ड कप, जर्सी एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, प्रमुख दीपा उरॉव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, पूर्व मुखिया हेसातु राजेश पहान, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान सह वरिय वैज्ञानिक डॉ०अजित सिंह, डॉ०मनोज सिंह, डॉ० विशाखा सिंह, एस्टीआई हब के प्रखण्ड सामन्यवक सुदिप्त सत्यपती, भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र के सचिव पार्वती कुमारी,अध्यक्ष करमी देवी विवेकानंद सेवा केन्द्र के अध्यक्ष संतोष बेदिया,चिरंजीवी मंडल, सोमरा बेदिया, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोनी कुमारी, श्रवण बेदिया, बिड़म्बर बेदिया,

# अश्लील फोटो से ब्लैकमेल कर महिला को बनाया हवस का शिकार, प्राथमिकी दर्ज

**दुष्कर्म के बाद अश्लील फोटो खींच कर करता था ब्लैकमेल**

**जहर देकर पति को मारने का बना रहा था दबाव**

जतरू महिला को उसके पति मनोज को जहर देकर मारने का दबाव बना रहा था। पति के मौत के बाद जतरू महिला को उससे शादी का प्रलोभन भी देता था। जिससे महिला काफी परेशान हो गयी और तंग आकर रातु थाने में युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने, नग्न तस्वीर वाइरल करने की धमकी व पति को जहर पिलाकर मारने को मजबूर करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आईपीसी की धारा 376 के तहत कांड संख्या 418 दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातु।** अश्लील फोटो खींचकर कई सालों तक महिला को अपने हवस का शिकार बनाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के काठीटांड निवासी विवाहित महिला ने रातु थाने में एक युवक के खिलाफ जबरदस्ती दुष्कर्म करने मामला रातु थाना में दर्ज कराई है। आरोपी 33 वर्षीय युवक जतरू मुंडा काठीटांड का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक महिला की शादी 10 वर्ष पहले काठीटांड निवासी मनोज मुंडा के साथ हुई है। दुष्कर्म का आरोपी जतरू मनोज का दोस्त है। दोस्त के नाते जतरू का आना- जाना उसके घर होता रहता था। महिला से हंसी मजाक भी होता था। इसी दौरान एक दिन जतरू ने महिला को घर मे अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद मोबाइल से उसका अश्लील फोटो खींच लिया। वह फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार कई वर्षों तक महिला के साथ दुष्कर्म करता रहा। लोक लाज व बदनामी के डर से महिला ने किसी को कुछ नहीं बताया।

## शीतल ओहदार की अगुवाई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** शनिवार को रांची एयरपोर्ट सभागार में कुरमी/कुड़मी (महतो) समाज के संयोजक शीतल ओहदार के अगुवाई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ कुरमी/ कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर गहन वार्ता की गयी जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित थे। वार्ता के क्रम में जेपी नड्डा जी को बताया गया कि 23 नवंबर 2004 को अर्जुन मुंडा सरकार ने कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से छोटानागपुर की कुरमी/ कुड़मी (महतो) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने हेतु भारत सरकार को अनुशंसा कर चुकी है। अनुशंसा में यह जिक्र है कि 1913 एवं 1938 में कुरमी/कुड़मी अनुसूचित जनजाति की सूची में थे । परन्तु 1950 से 1952 की सूची में शामिल नहीं किया गया जिसका कोई कारण स्पष्ट नहीं है। अनुशंसा में झारखंड सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया कि कुरमी/ कुड़मी जनजाति को पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जाए। इस बात का जिक्र तत्कालीन महामहिम राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी ने 24 मार्च 2005 को अपनी अभिभाषण में कर चुके हैं। यह भी बताया गया कि झारखंड में टोटेमिक कुरमी /कुड़मी (महतो) जनजाति द्रविड़ नस्ल से हैं और एक निश्चित भुभाग में रहते हैं। इनके रीति-रिवाज ,सामाजिक व्यवस्था, धार्मिक अनुष्ठान, रहन-सहन , पूजा-पाठ आदि सशक्त जनजातियों की तरह ही है। इनकी भाषा कुड़माली है। यह भी चर्चा हुई कि सन 1891 में कुरमी/ कुड़मी जनजाति का एथनोग्राफिक रिपोर्ट मानवशास्त्री एचट्ट एचट्ट रिजले ने बनाया था, जिसका उल्लेख ट्राइब एंड कॉस्ट ऑफ बंगाल के सर्वे रिपोर्ट में प्रकाशित है। सन 1913 में भारत सरकार एवं सन 1931 में बिहार तथा उड़ीसा सरकार ने भी कुरमी/ कुड़मी जनजाति को ऐवोरिजिनल घोषित किया था। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी कई न्यायायिक निर्णय में छोटानागपुर के कुरमी /कुड़मी को ऐवोरिजिनल (आदिवासी) कहा है। मई 1990 में प्रकाशित झारखंड विषयक समिति की रिपोर्ट में भी कुरमी/ कुड़मी (महतो) जाति को गैर सरकारी आदिवासी माना है। नड्डा जी विभिन्न बातों को बारीकी से सुनते हुए मुख्य बिंदुओं को नोट कराया और इसे गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग को उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देश देने का भरोसा दिया। वार्ता में हरमोहन महतो, सखीचंद महतो, दानिसिंह महतो, रामपोदो महतो ,सपन कुमार महतो, थानेश्वर महतो, क्षेत्रमोहन महतो, ओमप्रकाश महतो, हेमलाल महतो, नरेश महतो, भुषण चंद्र महतो, विशाल महतो आदि शामिल थे।

## रातू की 4 जनवितरण दुकानों पर कार्रवाई

**रातू (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने रातू के चार जनवितरण दुकानदारों के खिलाफ स्पष्टीकरण की मांग की है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत शुक्रवार को रातु के कई जनवितरण दुकानों का औचक निरीक्षक किया था। इस दौरान कई दुकान बंद पाई गयी। दुकानों के जांच करने पर पाया गया कि दुकान में खाद्य का भंडारण के बाद भी लाभुकों के बीच अनाज का वितरण नही किया गया। जिसमे सुंडिल पंचायत के लक्ष्मी महिला मंडल, मलमाण्डू के मलमाण्डू स्वयं सहायता समूह, पुरीयो के नूर मोहम्मद, व रातु चट्टी के दुकानदार शामिल है। डीएसओ ने उन्हें 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है।

## लाभुकों के बीच बत्तख और मुर्गी चूजे का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत डुंगरी पंचायत के डुंगरी गांव के अखड़ा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत शनिवार को 30 लाभुकों के बीच बतख और मुर्गी के चूजा का वितरण किया गया। वितरण नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख ने कहा कि बतख और मुर्गी पालन से लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने लाभुको को अच्छी देख-रेख कर बढ़ोतरी करके बिक्री कर आमदनी बढ़ाकर स्वावलंबी बनने और नशापान से दूर रहने की बात कही। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बने मुर्गी शेड का निरीक्षण कर नाराजगी जतायी। कार्यक्रम में मुखिया जीता कच्छप, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, डॉ अमरेंद्र श्रीवास्तव, अनिता के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के शनिवार की सुबह दिघिया सरना टोली मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरना टोली दिघिया बेड़ो निवासी 48 वर्षीय गोपाल भगत पिता सोमा भगत के रूप में की गई है। मिली जानकारी अनुसार मृतक पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में गया। स्वजनों ने बताया कि गोपाल भगत चट्टी जतरा देखने गया था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने शव को घटनास्थल से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी एफसी मासू की टीम



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जयराम स्पोर्ट्स क्लब बीसा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब एफ सी मासू ने जीत लिया। शनिवार को बीसा पंचायत सचिवालय मैदान में खेले गये फाइनल मुकाबले में एफसी मासु ने एफसी बेंती को 5-3 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। बाद मे विजेता और उपविजेता टीम को नकद राशि, एक खस्सी और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। मौके पर बीसा मुखिया मंजोती देवी, पुसुवा लोहरा, गणेश, छोटेलाल आदि उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में जयराम , विभीषण, रामदेव, पीकेशवर, जुकेशवर, रोहित सोनाराम, बालकिशोर, प्रेम, केसों, धीरज आदि का अहम योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक 45 वर्षीय राजेश बैठा की शनिवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि लोहरदगा पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको कब्रस्तान के समीप शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे एक पैदल अपने घर जा रहे राजेश बैठा को एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे राजेश बैठा व बाइक सवार 28 वर्षीय दानियल बेक दोनों तुको बेड़ो गांव निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मौत हो जाने के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। उनके पत्नी संगीता देवी, बेटा रोहित बैठा, रोशन बैठा बेटी व आरती कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजनों का चीत्कार और विलाप सुनकर हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़ा।

